Ministry of Women and Child Development
Government of India

सत्यमेव जयते

# HONOURING EXTRAORDINARY CHILDREN WHO DREAMT, WORKED AND ACHIEVED







PRADHAN
MANTRI
RASHTRIYA
BAL PURASKAR





2020

प्रधान
मंत्री
राष्ट्रीय
बाल पुरस्कार

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

## MESSAGE

I am happy to learn that the Ministry of Women and Child Development is recognizing country's young children by presenting Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2020.

Encouraging children to excel in different fields is our essential duty and is sine-qua-non for the progress and development of the country. The accomplishments of these children in the fields of academics, art and culture, bravery, sports, innovation, and social service are a matter of great pride for all of us.

I am confident that these children will reach greater heights of success in their respective fields and become an example for other children to emulate. I extend my compliments to them, their parents and teachers for this accomplishment.

I wish them success in all their pursuits.


RNKovind

(Ram Nath Kovind)

New Delhi
January 15, 2020

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA



## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, देश के बेटे-बेटियों को, उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2020 से सम्मानित कर रहा है।

अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने की दृष्टि से बच्चों को प्रोत्साहित करना हमारा मौलिक कर्तव्य है और देश की प्रगति और विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक भी है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले इन बेटे-बेटियों ने शिक्षा, कला और संस्कृति, बहादुरी, खेल, नवाचार और समाज-सेवा के क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। यह हम सभी के लिए परम गौरव का विषय है।

मुझे विश्वास है कि ये बच्चे आगे चलकर अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते हुए नई-नई ऊंचाइयां छुएंगे और अन्य बच्चों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

मैं इन सभी बेटे-बेटियों, उनके माता-पिता और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।

मेरी कामना है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफल हों।

रामनाथ कोविन्द

(राम नाथ कोविन्द)

नई दिल्ली
17 जनवरी, 2020



सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

# Prime Minister

## MESSAGE

I convey my heartiest congratulations to the award winners of Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2020. The Awards recognize the outstanding work done by these children in various fields which is exemplary for millions of other children as well.

That many of the children have been recognized for providing innovative solutions to challenges in the fields ranging from agriculture, healthcare, sanitation, space research to natural disasters, is a matter of immense pleasure. Besides, the exceptional performance of 'Divyang' children is most impressive and needs special mention.

May Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2020 inspire all the children of our country to excel in their fields of activity and take our nation to new, greater heights.

Best wishes to all the award winners for a bright and successful future.

Jai Hind !

(Narendra Modi)

New Delhi
पौष 27, शक संवत् 1941
17th January 2020

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

## संदेश

मैं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 के पुरस्कार के विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। यह पुरस्कार इन बच्चों द्वारा भिन्न भिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का प्रतिफल है जो अन्य लाखों बच्चों के लिए भी अनुकरणीय है।

कई बच्चों को कृषि, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, अंतरिक्ष अनुसंधान से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक के क्षेत्र में चुनौतियों के लिए समाधान खोजने के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है, यह बहुत खुशी की बात है। इसके अलावा, 'दिव्यांग' बच्चों का असाधारण प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली है, जिसके विशेष उल्लेख की आवश्यकता है।

मैं यह कामना करता हूँ कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 हमारे देश के सभी बच्चों को अपने कार्यक्षेत्रों में कौशल अर्जित करने और हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करे।

उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए सभी पुरस्कार विजेताओं को शुभकामनाएं।

जय हिन्द

(नरेंद्र मोदी)

नई दिल्ली

17 जनवरी 2020

स्मृति ज़ुबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास और वस्त्र
भारत सरकार
नई दिल्ली
Minister
Women & Child Development and Textiles
Government of India
New Delhi

## MESSAGE

The Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar is an initiative of the Union Government to acknowledge the outstanding achievements of children and in turn inspire their peers to persevere and excel in various fields.

This year, the Pradhan Mantri Bal Puraskar recognizes the contribution of 49 such children in the fields of social services, innovation, bravery, academics, art & culture and sports. They have not allowed age or even physical limitations to come in the way of grasping their dreams. I salute the spirit of these youngsters who have taken up challenges on their young shoulders, and persevered to contribute to society. They have risen beyond the call of duty of childhood.

I also congratulate the parents of the awardees, without whose support the realization of their potential would not have been possible. They stood by their wards and encouraged them to reach thus far.

It is my earnest wish that these awards are but a milestone in the journey of life of these children. My heart felt congratulations to all the winners.


(Smriti Zubin Irani)

Ministry of Women & Child Development : Room No. 353, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 011, Phone : 23074052-54, Fax: 23387384
Ministry of Textiles : Room No. 129, 'D' Wing, Udyog Bhawan, New Delhi-110011, Phone : 23061385, 23063779, Fax : 23061575

स्मृति ज़ुबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास और वस्त्र
भारत सरकार
नई दिल्ली
Minister
Women & Child Development and Textiles
Government of India
New Delhi



## संदेश

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। यह हमारा विश्वास है कि ये विजेता समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने साथियों को प्रेरित करेंगे।

इस वर्ष, प्रधान मंत्री बाल पुरस्कार सामाजिक सेवाओं, नवाचार, बहादुरी, शिक्षा, कला, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में 49 ऐसे बच्चों के योगदान को मान्यता देता है, जिन्होंने अपने सपनों की पूर्ती की राह में उम्र या शारीरिक बाधाओं को भी स्वीकार नहीं किया। मैं इन बालक और बालिकाओं की भावना, संस्कार एवं साहस का सम्मान करती हूं, जिन्होंने अपने कोमल कंधों पर चुनौतियों का भार संभाला और समाज के प्रति योगदान देने के लिए दृढ़ता से काम किया।

मैं पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देती हूं, जिनके समर्थन के बिना उनकी क्षमता का विकास संभव नहीं होता।

मैं मंगल कामना करती हूँ कि ये पुरस्कार इन बच्चों की जीवन यात्रा में मील का पत्थर साबित हों। सभी विजेताओं को मेरी हार्दिक बधाई।

(स्मृति ज़ूबिन इरानी)

Ministry of Women & Child Development : Room No. 353, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 011, Phone : 23074052-54, Fax: 23387384
Ministry of Textiles : Room No. 129, 'D' Wing, Udyog Bhawan, New Delhi-110011, Phone : 23061385, 23063779, Fax : 23061575



देबश्री चौधुरी
DEBASREE CHAUDHURI

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

## Message

Children are equal stakeholders in the growth story of a nation. It is not only the moral duty but Constitutional responsibility of the Govt. to inspire young children to grow to their full potential. We in the Ministry believe that if the children are provided with adequate opportunity and guidance, they have immense potential to contribute to society and humanity. We seek to give every child the opportunity to receive education, acquire comprehensive knowledge and develop in a child friendly environment so that every child develops into a good human being with a positive mission in life.

The Ministry of Women and Child Development is celebrating the achievements of children who have excelled in diverse fields through Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2020.

I congratulate all award winners and extend my best wishes and blessings to all the children of this country. I wish them a happy, healthy, bright and productive future.

Debasree Chaudhuri

**(Debasree Chaudhuri)**

कार्यालय : कमरा नं. 756, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23382361–63, फैक्स : 23387854
Off. : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63, Fax. : 011-23387854
E-mail : debasree.chaudhuri@gov.in

देबश्री चौधुरी
DEBASREE CHAUDHURI

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

## संदेश

बच्चे किसी राष्ट्र के विकास की गाथा में समान भागीदार होते हैं। अपनी पूर्ण क्षमता हासिल करने हेतु छोटे बच्चों को प्रेरित करना सरकार का न केवल नैतिक कर्तव्य है अपितु संवैधानिक दायित्व भी है। हमारे मंत्रालय का यह मानना है कि यदि बच्चों को पर्याप्त अवसर एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाए तो समाज एवं मानवता के लिए योगदान करने के लिए उनमें प्रचुर क्षमता होती है। हम शिक्षा प्राप्त करने, व्यापक ज्ञान हासिल करने तथा बालोनुकूल परिवेश में विकास करने के लिए हर बच्चे को अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि जीवन में सकारात्मक उद्देश्य के साथ हर बच्चा आगे चलकर अच्छा इंसान बने।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 के माध्यम से ऐसे बच्चों की उपलब्धियों का जश्न मना रहा है जिन्होंने विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है।

मैं सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देती हूँ और इस देश के सभी बच्चों को अपनी ओर से शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद भी देती हूँ। मैं उनके खुशहाल, स्वस्थ, उज्ज्वल और रचनात्मक भविष्य की कामना करती हूँ।

देबश्री चौधुरी

**(देबश्री चौधुरी)**

कार्यालय : कमरा नं. 756, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23382361–63, फैक्स : 23387854
Off. : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63, Fax. : 011-23387854
E-mail : debasree.chaudhuri@gov.in

# PRADHAN MANTRI RASHTRIYA BAL PURASKAR 2020

# प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020


| | |
|---|---|
| SPORTS | 13 |
| INNOVATION | 27 |
| ART & CULTURE | 43 |
| SCHOLASTIC | 51 |
| BRAVERY | 59 |
| SOCIAL SERVICE | 65 |
| BAL SHAKTI PURASKAR 2019 | 70 |
| BAL KALYAN PURASKAR 2019 | 71 |

# INTRODUCTION

Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar aims at encouraging children to excel in different fields, as well as recognize efforts of Institutions and Individuals doing exceptional work for children. Accordingly, awards are given under the categories of Bal Shakti Puraskar and Bal Kalyan Puraskar. The Bal Shakti Puraskar is given exclusively to the children in the age group of 5 years to 18 years, under the fields of Innovation, Social Service, Scholastic, Sports, Art & Culture and Bravery. The Award carries a medal, a cash prize of Rupees One lakh, a certificate and a citation. The Bal Kalyan Puraskar is given to Individuals and Institutions. The award for Individuals consists of a medal, cash prize of Rs. 1,00,000/- (one lakh), a citation and a certificate to each awardee. The award for Institution consists of a medal, a cash prize of Rs. 5,00,000/- (five lakh) each, a citation and a certificate.

The applications for the awards are accepted online at nca-wcd.nic.in. The applications can be submitted throughout the year, while limiting consideration up to 31st August of the respective year, for awards to be given in the month of January in the following year. Applications received after due date are considered for the awards in the next year. The awards are conferred by the Hon'ble President of India. The Awardees of Bal Shakti Puraskar also participate in the Republic Day Parade.

For the year 2020, 49 children have been selected for the Bal Shakti Puraskar. No awards are being given under the category of Bal Kalyan Puraskar this year.

The winners of the Bal Shakti Puraskar have proven their mettle in various fields ranging from magic to space science. The Bravery Awardees, through their courageous acts, are sources of inspiration for everyone. Similarly, children who have excelled in Social Service, by either helping others or being conscious about environment set an example not only for their peers but for everyone. Some children have excelled in sports, including Equestrian and Sailing. The awardees in the scholastic category have made India proud by their exceptional achievements nationally and internationally. These achievements are matched by awardees in field of Art and Culture by performing exceptionally in dance, vocal and instrumental music, painting and literature. Some of these children have overcome physical limitations and stretch their boundaries to excel in the field of their passion. They have shown that with grit and determination anything can be achieved.

# प्रस्तावना

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है, साथ ही बच्चों के लिए असाधारण कार्य करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों के प्रयासों को मान्यता देना है। तदनुसार, बाल शक्ति पुरस्कार और बाल कल्याण पुरस्कार की श्रेणियों के तहत पुरस्कार दिए जाते हैं। बाल शक्ति पुरस्कार 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों को विशेष रूप से नवाचार, सामाजिक सेवा, शैक्षिक, खेल, कला और संस्कृति और बहादुरी के क्षेत्रों में दिया जाता है। पुरस्कार में एक पदक, एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। बाल कल्याण पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थानों को दिया जाता है। व्यक्तियों के लिए प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, रु. 1,00,000/ - (एक लाख) का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र होता है। संस्थानों के लिए पुरस्कार में एक पदक, रु. 5,00,000/- (पांच लाख) का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र शामिल हैं।

पुरस्कारों के लिए आवेदन www.nca-wcd.nic.in पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाते हैं। अगले वर्ष जनवरी के महीने में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए आवेदन पत्र संबंधित वर्ष के 31 अगस्त तक पूरे वर्ष जमा किए जा सकते हैं। नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को अगले वर्ष में पुरस्कारों के लिए माना जाता है। यह पुरस्कार भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। बाल शक्ति पुरस्कार के पुरस्कार विजेता गणतंत्र दिवस परेड में भी भाग लेते हैं।

वर्ष 2020 के लिए बाल शक्ति पुरस्कार के लिए 49 बच्चों का चयन किया गया है। इस वर्ष बाल कल्याण पुरस्कार की श्रेणी में कोई  पुरस्कार नहीं दिया जा रहा है।

बाल शक्ति पुरस्कार के विजेताओं ने जादू से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा सिद्ध की है। बहादुरी पुरस्कार विजेता, अपने साहसी कृत्यों के माध्यम से, सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इसी तरह, जिन बच्चों ने समाज सेवा में उत्कृष्टता हासिल की है, वे दूसरों की मदद करके या पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर न केवल अपने साथियों के लिए, बल्कि सभी के लिए एक मिसाल कायम करते हैं। कुछ बच्चों ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें घुड़सवारी और नौकायन शामिल हैं। जहाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी असाधारण उपलब्धियों से शैक्षिक श्रेणी में अवार्ड पाने वालों ने भारत को गौरवान्वित किया है, वहीँ कला और संस्कृति के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं द्वारा नृत्य, स्वर और वाद्य संगीत, चित्रकला और साहित्य में असाधारण प्रदर्शन करके इन उपलब्धियों की बराबरी की गई है। इन बच्चों में से कुछ ने शारीरिक सीमाओं को पार कर लिया है और अपने जुनून के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है। उन्होंने दिखाया है कि धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# SPORTS







## AARUSHI SHARMA

Kumari Aarushi Sharma, born on 30th July, 2005, is an accomplished badminton player. Being a person with Speech and Hearing Disability, she faced many constraints but her spirit remained undeterred. She bagged Bronze medal in 20th National Games of the Deaf 2016 held at Hyderabad and Silver Medal in 21st National Games of the Deaf 2017 held at Chennai. She went on to represent India at the Asia Pacific Deaf Youth Badminton Championship 2018 held in Malaysia and won Bronze Medal. Kumari Aarushi has won several medals in Single, Double and Mixed Double events during 4th, 5th and 6th National Junior & Sub Junior Games of the Deaf, held at Jamshedpur (2016), Ranchi (2018) and Chennai (2019) respectively.

Kumari Aarushi Sharma is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.

## आरुषी शर्मा

कुमारी आरुषी शर्मा, जिनका जन्म 30 जुलाई 2005 को हुआ था, एक कुशल बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। मूक और बधिर होने के नाते उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा लेकिन उनकी भावना निर्विवाद रही। आपने 2016 में हैदराबाद में 20वें राष्ट्रीय बधिर खेल में कांस्य पदक तथा 2017 में चेन्नई में आयोजित 21वें राष्ट्रीय बधिर खेल में रजत पदक हासिल किया। वह मलेशिया में आयोजित एशिया पैसिफिक डेफ यूथ बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए गईं और कांस्य पदक जीता। कुमारी आरुषी ने जमशेदपुर (2016), रांची (2018) और चेन्नई (2019) में क्रमशः चौथे, पांचवें और छठवें नेशनल जूनियर एंड सब-जूनियर गेम्स ऑफ डेफ के दौरान सिंगल, डबल और मिक्स्ड डबल मुकाबलों में कई पदक जीते हैं।

कुमारी आरुषी शर्मा को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

# AKULA SAI SAMHITHA

Kumari Akula Sai Samhitha, born on 4th May, 2005, is the youngest Indian girl who has received International Roller Skating gold medal. She won Gold Medal in 18th Asian Roller Skating Championship 2018 held at Namwon, South Korea in Free Style Cadet group. For her exemplary achievements in the field of Skating, she has won 42 Gold, 13 Silver and 5 Bronze Medals in National, State and in District Championships.

Kumari Akula Sai Samhitha is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.



# आकुला साई संहिता

4 मई, 2005 को जन्मी कुमारी आकुला साई संहिता, सबसे कम उम्र की भारतीय लड़की है जिसे अंतर्राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। आपने नामवन, दक्षिण कोरिया में 18वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2018 में फ्री स्टाइल कैडेट ग्रुप में स्वर्ण पदक जीते हैं। अब तक आपने रोलर और आईस स्केटिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय, राज्य जिला स्तरीय चैंपियनशिप में 42 स्वर्ण, 13 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं।

कुमारी आकुला साई संहिता को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।



## ESHA SINGH

Kumari Esha Singh, born on 1st January, 2005, is the youngest national record holder in 10 Meter Air Pistol Shooting. Having extraordinary achievement in this field, she has been the State Champion for three consecutive years in 2016, 2017 and 2018. She won Senior Junior Youth (South Zone) 2017 championship in 10 Meter Air Pistol, Asian Air Gun Champion (Junior) 2019, won Silver Medal in Junior World Cup (2019) held in Germany and went on to become the National Master Meet Champion in 2019.

Kumari Esha Singh is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.

## ईशा सिंह

1 जनवरी, 2005 को पैदा हुई कुमारी ईशा सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में सबसे कम उम्र की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। इस क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने के बाद, आप 2016, 2017 और 2018 में लगातार तीन वर्षों तक स्टेट चैंपियन रही। आपने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में सीनियर-जूनियर यूथ (दक्षिण क्षेत्र) 2017 चैंपियनशिप, एशियन एयर गन चैंपियन (जूनियर) 2019 जीती। जर्मनी में आयोजित जूनियर विश्व कप (2019) में रजत पदक और नेशनल मास्टर मीट चैंपियन 2019 जीता।

कुमारी ईशा सिंह को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## KHUSHI HOODA

Kumari Khushi Hooda, born on 19th August, 2004, is a budding golfer. She has won 8 National Tournaments in Sub Junior Girls (Cat C), Junior Girls (Cat B) / Senior (Cat A) including two in Ladies category besides being Runner's Up 6 times. She became the second youngest National Ladies Amateur Golf Champion at the age of 14. She was ranked as India's Number one in Junior/ Senior Girls (Cat A & B) & Number two in Ladies Category for the year 2018. She has also earned a spot in the World Amateur Golf Ranking in 2018.

Kumari Khushi Hooda is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.



## खुशी हुड्डा

19 अगस्त, 2004 को जन्मी कुमारी खुशी हुड्डा युवा गोल्फर हैं। आपने 6 बार रनर अप रहने के अलावा महिला श्रेणी में 2 टूर्नामेंट सहित सब-जूनियर गर्ल्स (श्रेणी सी), जूनियर गर्ल्स (श्रेणी बी)/सीनियर (श्रेणी ए) में 8 राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीते हैं। आप 14 साल की आयु में सबसे कम उम्र की दूसरी नेशनल लेडीज अमेचर गोल्फ चैंपियन बनी हैं। आपने वर्ष 2018 के लिए महिला श्रेणी में नंबर 2 और जूनियर/सीनियर गर्ल्स (श्रेणी ए और बी) में भारत की नंबर 1 रैंक हासिल की हैं। आपने 2018 में वर्ल्ड अमेचर गोल्फ रैंकिंग भी हसिल की हैं। आपने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा आपने देश के लिए अनेक पुरस्कार जीते हैं।

खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कुमारी खुशी हुड्डा को बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।




## NEHA

Kumari Neha, born on 19th July, 2003, is a boxer par excellence. She has bagged gold medals at Silesian Open Junior Women World Boxing Championship in Poland, Boxam International Youth & Junior Championship, Spain and 5th Black Forest Cup in XIIth Junior Women Boxing Championship, Germany. In 2019, she won the gold medal in Third Junior Women National Boxing Championship.

Kumari Neha is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.

## नेहा

19 जुलाई, 2003 को जन्मी कुमारी नेहा उत्कृष्ट मुक्केबाज हैं। आपने सिलेशियन ओपन जूनियर वीमेन वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, पोलैंड, बॉक्सम इंटरनेशनल यूथ एंड जूनियर चैंपियनशिप, स्पेन में स्वर्ण पदक तथा 12वीं जूनियर वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप, जर्मनी में 5वां ब्लैक फॉरेस्ट कप जीते हैं। हाल ही में आपने तीसरी जूनियर वीमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2019 में स्वर्ण पदक जीता है।

खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कुमारी नेहा को बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## PEARL MILIND COLVALCAR

Kumari Pearl Milind Colvalcar, born on 29th April, 2006, is ranked 1st among girls and 4th overall in 29er Skiff Sailing. She is a member of National Yachting Squad of India and has won awards in the junior category at All India Board Sailing Championship, Goa 2019 and 2018 (Boys and Girls). She has also won the "Youngest Sailor" Award at Senior Multi-class Sailing event 2017 in Hyderabad.

Kumari Pearl Milind Colvalcar is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.




## पर्ल मिलिंद कोलवालकर

29 अप्रैल, 2006 को जन्मी कुमारी पर्ल मिलिंद कोलवालकर को 29वीं स्किफ सेलिंग में लड़कियों में पहला स्थान और कुल चौथा स्थान प्राप्त किया है। आप नेशनल यैचिंग स्कवैड ऑफ इंडिया की सदस्य हैं और ऑल इंडिया बोर्ड सेलिंग चैंपियनशिप, गोवा 2019 और 2018 (लड़के एवं लड़कियां) में जूनियर श्रेणी में पुरस्कार जीते हैं। आपने 2017 में हैदराबाद में सीनियर मल्टी क्लास सेलिंग प्रतियोगिता में "सबसे अल्पायु नाविक" का पुरस्कार जीता है।

कुमारी पर्ल मिलिंद कोलवालकर को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।



## PRITHU GUPTA

Master Prithu Gupta, born on 8th March, 2004 has achieved the Grand Master title, the highest title in Chess at a young age of 15. He has made India proud at International stage in Gibraltar Masters, Llucmajor Open, Portugal Team Championships, Biel Masters, Isle of Man and Montebelluna Cup. In these six tournaments, he bagged his two Grand Master norms.

Master Prithu Gupta is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Sports.

## पृथु गुप्ता

8 मार्च, 2004 को जन्म लेने वाले मास्टर पृथु गुप्ता ने 15 साल की उम्र में शतरंज में सबसे बड़ा ख़िताब हासिल किया है। आपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिब्रालटर मास्टर्स, लुकमेजर ओपन, पुर्तगाल टीम चैंपियनशिप, बील मास्टर्स, आइल ऑफ मैन और मोंटीबेलुना कप में भारत को गौरवान्वित किया। इन 6 टूर्नामेंट में आपने अपने 2 ग्रैंड मास्टर के मानदंड प्राप्त किए।

मास्टर पृथु गुप्ता को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## RUSHIL KHOSLA

Master Rushil Khosla, born on 11th April, 2006, has achieved number one ranking in Asia (Asia Tennis Federation) in under-14 Boys category. He has represented India in various international sports events, including Under 12 Asia in Kazaksthan, and won back to back three tournaments Grade A (Asia Tennis Federation). He went on to win the Under 12 Doubles National Championship in 2019.

Master Rushil Khosla is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Sports.

## रुशिल खोसला

11 अप्रैल, 2006 को जन्मे मास्टर रुशिल खोसला ने अंडर -14 ब्वॉयज श्रेणी में एशिया (एशिया टेनिस फेडरेशन) में नंबर एक रैंकिंग हासिल की है। आपने अंडर 14 बॉयज श्रेणी में एशिया (एशिया टेनिस फेडरेशन) में पहला स्थान प्राप्त किया है। आपने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं जैसे कि कजाकिस्तान में अंडर 12 एशिया में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और बैक टु बैक तीन टूर्नामेंट ग्रेड ए (एशिया टेनिस फेडरेशन) जीते हैं। आपने 2019 में अंडर 12 डबल्स नेशनल चैंपियनशिप भी जीते हैं।

मास्टर रुशिल खोसला को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।






## SAMANYU POTHURAJU

Master Samanyu Pothuraju, born on 12th July, 2010, has made commendable achievements in the field of Mountain Climbing. The young boy dauntlessly achieved the title of being the youngest child to conquer Mount Kilimanjaro (Africa's highest peak) and Mount Kosciuszko (Australia's highest peak). He also climbed the Mount Everest Base Camp (Nepal) at the tender age of seven years.

Master Samanyu Pothuraju is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Sports.

## समन्यु पोतुराजु

12 जुलाई, 2010 को जन्मे मास्टर समन्यु पोतुराजु ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की है। आपने माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी) और माउंट कोसीजको (आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे छोटे बच्चे के रूप में विजय पताका लहराई है। आपने 7 साल की आयु में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) की चढ़ाई भी पूरी कर ली है।

खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मास्टर समन्यु पोतुराजु को बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## SANCHITA TIWARI

Kumari Sanchita Tiwari, born on 24th November, 2002 has won three international medals, including a bronze medal at Youth World Archery Championships 2017 held at Argentina, a silver medal at Asia Cup World Ranking Archery Tournament Stage-1 at Bangkok in 2019 and a silver medal at ISSF International Solidarity Archery Championship held at Bangladesh 2019. For her exceptional achievement, Kumari Sanchita was given the opportunity to be the torch bearer in the opening ceremony of 1st Khelo India Youth Games 2018 and was the Silver Medalist at the 2nd Khelo India Youth Games held at Pune in 2019.

Kumari Sanchita Tiwari is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.

## संचिता तिवारी

24 नवम्बर, 2002 को जन्मी कुमारी संचिता तिवारी ने तीन अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं जिसमें अर्जेन्टीना में आयोजित युवा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2017 में कांस्य पदक, 2019 में बैंकाक में एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट चरण एक में रजत पदक और 2019 में बंगलादेश में आयोजित आईएसएसएफ इंटरनेशनल सॉलीडेरिटी आर्चरी चैंपियनशिप में रजत पदक शामिल हैं। आप की असाधारण उपलब्धि के लिए आपको पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2018 के उद्घाटन समारोह में मशाल वाहक होने का अवसर दिया गया और आपने 2019 में पुणे में आयोजित दूसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत पदक जीता।

कुमारी संचिता तिवारी को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।






## SUDIPTI HAJELA

Kumari Sudipti Hajela, born on 10th May, 2002, has performed outstandingly in equestrian sport. Since the age of 6 years, she has been giving tough competition to her counterparts from the Army and older players. She has, overall, won 57 awards and medals at International, National and Regional levels. She is a dressage rider, one of the toughest trades of equestrian. She was the first junior rider to be awarded with the prestigious 'Ekalavya' Award for her exemplary achievement by the Government of Madhya Pradesh.

Kumari Sudipti Hajela is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Sports.

## सुदीप्ति हजेला

10 मई, 2002 को जन्मी कुमारी सुदीप्ति हजेला ने कठिन अश्वारोहण खेल में उत्कृष्ट निष्पादन किया है। 6 साल की आयु से आप सेना से अपने प्रतिद्वंदियों तथा अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। आपने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर कुल 57 पुरस्कार एवं पदक जीते हैं। आप ड्रेसेज राइडर हैं जो अश्वारोहण की सबसे कठिन श्रेणियों में से एक है। आप पहली जूनियर राइडर हैं जिन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा असाधारण उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार प्रदान किया गया है।

कुमारी सुदीप्ति हजेला को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## VINAYAK BAHADUR

Master Vinayak Bahadur, born on 1st November, 2005 is a "Ajatshatru" - National Award winner having displayed outstanding ability in field of Sports. Despite being completely speech and hearing impaired since his birth, he became State and National Level Badminton Player. His exemplary achievement, willpower and mental strength in the face of physical limitations have inspired many like him to strive for their passion.

Master Vinayak Bahadur is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Sports.

## विनायक बहादुर

1 नवंबर, 2005 को जन्म लेने वाले मास्टर विनायक बहादुर, "अजातशत्रु" - राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट क्षमता प्रदर्शित की है। अपने जन्म के बाद से पूरी तरह से मूक एवं बधिर होने के बावजूद आप राज्य और राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी बने। शारीरिक बाधाओं के सामने उनकी अनुकरणीय उपलब्धि, इच्छाशक्ति और मानसिक शक्ति ने उनके जैसे कई लोगों को अपने जुनून के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

मास्टर विनायक बहादुर को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।






## YASH ARADHYA S

Master Yash Aradhya S, born on 17th August 2002, has shown enormous talent, potential and promise in the field of Motorsports. In a span of 7 years, he has won 7 National Championship titles, 6 Club Championship titles and 59 races wins and graduated from Go-Karting to Formula 4. He has represented India in Asian Championship and finished at 4th place. He was also nominated to represent India in the World Championship at CIK-FIA Academy Trophy in 2015, where he raced across Europe and in Rotax World Finals.

Master Yash Aradhya S is being awarded the Bal Shakti Purskar 2020 for his excellence in the field of Sports.


## यश आराध्या एस

17 अगस्त, 2002 को जन्मे मास्टर यश आराध्या एस ने मोटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा, क्षमता एवं संकल्प का प्रदर्शन किया है। 7 साल की अवधि में आपने 7 राष्ट्रीय चैंपियनशिप, 6 क्लब चैंपियनशिप और 59 दौड़ में जीत दर्ज की है तथा गोकार्टिंग से फार्मूला 4 में महारत हासिल की है। आपने एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और चौथे स्थान पर रहे। आपको 2015 में सीआईके – एफआईए अकादमी ट्रॉफी में वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी नामित किया गया जहां पूरे यूरोप में तथा रोटैक्स वर्ल्ड फाइनल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मास्टर यश आराध्या एस को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

# INNOVATION







## ANMOL RATHI

Master Anmol Rathi, born on 4th April, 2003, (in collaboration with Harsh Agrawal) has shown commendable achievement by creating a colorimetric strip-based test using saliva for early detection of pancreatic cancer. The strip is 125 times cheaper than MRI and CT scan and 35 times cheaper than CA19-9 Blood test. They were awarded Gold medal in Genius Olympiad 2019 in New York, USA and received first position in Vision 2030 Challenge, IIT Bombay.

Master Anmol Rathi and Master Harsh Agrawal are being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for their excellence in the field of Innovation.

## अनमोल राठी

04 अप्रैल, 2003 को जन्मे मास्टर अनमोल राठी ने हर्ष अग्रवाल के साथ मिलकर अग्नाशय के कैंसर का समय से पता लगाने के लिए लार का प्रयोग करके क्लोरीमेट्रिक स्ट्रिप आधारित परीक्षण बनाकर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। यह स्ट्रिप एमआरआई और सीटी स्कैन की तुलना में 125 गुना और सीए 19 - 9 रक्त जांच की तुलना में 35 गुना सस्ती है। आपने जीनियस ओलंपियाड 2019, न्यूयार्क, यूएसए में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया तथा विजन 2030 चैलेंज, आईआईटी बॉम्बे में पहला स्थान प्राप्त किया।

मास्टर अनमोल राठी और मास्टर हर्ष अग्रवाल को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## HARSH AGRAWAL

Master Harsh Agrawal born on 13th December, 2003, (in collaboration with Master Anmol Rathi) has shown commendable achievement by creating a colorimetric strip-based test using saliva for early detection of pancreatic cancer. The strip is 125 times cheaper than MRI and CT scan and 35 times cheaper than CA19-9 Blood test. They were awarded Gold medal in Genius Olympiad 2019 in New York, USA and received first position in Vision 2030 Challenge, IIT Bombay.

Master Anmol Rathi and Master Harsh Agrawal are being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for their excellence in the field of Innovation.



## हर्ष अग्रवाल

13 दिसम्बर, 2003 को जन्मे मास्टर हर्ष अग्रवाल ने मास्टर अनमोल राठी के साथ मिलकर अग्नाशय के कैंसर का समय से पता लगाने के लिए लार का प्रयोग करके क्लोरीमेट्रिक स्ट्रिप आधारित परीक्षण बनाकर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। यह स्ट्रिप एमआरआई और सीटी स्कैन की तुलना में 125 गुना और सीए 19 - 9 रक्त जांच की तुलना में 35 गुना सस्ती है। आपने जीनियस ओलंपियाड 2019, न्यूयार्क, यूएसए में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया तथा विजन 2030 चैलेंज, आईआईटी बॉम्बे में पहला स्थान प्राप्त किया।

मास्टर हर्ष अग्रवाल और मास्टर अनमोल राठी को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।



## APARNA CHANDRASEKHARAN

Kumari Aparna Chandrasekaran, born on 24th November, 2008, has contributed towards women and child safety by creating a watch with a button for pungent spray on bullies. Her awareness and honest effort for a better society at such a young age was highly appreciated. Her other project, on early diagnosis of Dysgraphia in children received the Dr A P J Abdul Kalam IGNITE Awards. She received the Best Maker Award at 'Maker fest-Odisha' and represented India in the ASEAN Indian Grassroots Innovation Competition, Indonesia.

Kumari Aparna Chandrasekaran is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Innovation.

## अपर्णा चंद्रशेखरन

24 नवंबर, 2008 को जन्मी कुमारी अपर्णा चंद्रशेखरन ने बदमाशों पर तीखा स्प्रे छिड़कने के लिए बटन के साथ घड़ी बनाकर महिलाओं और बाल सुरक्षा में योगदान दिया है। इतनी कम आयु में बेहतर समाज के लिए आपकी जागरूकता और ईमानदार प्रयास की खूब सराहना की गई। बच्चों में डिसग्राफिया के शुरुआती निदान पर उनकी एक अन्य परियोजना को डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम इग्नू पुरस्कार मिला। आपने 'मेकर फेस्ट ओडिशा' से सर्वश्रेष्ठ निर्माता का पुरस्कार प्राप्त किया है और आसियान भारतीय ग्रासरूट नवाचार प्रतियोगिता, इंडोनेशिया में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

कुमारी अपर्णा चंद्रशेखरन को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## ARJUN PANDEY

Master Arjun Pandey, born on 3rd June, 2003, has been leading the way for tech savvy youth of India. He is the founder of ScoutMe, India's first mobile-based scouting portal that has been adopted by All India Football Federation (AIFF) as their official scouting platform. ScoutMe gives players a medium to reach to the AIFF, State Football Associations, Football Clubs and NGOs. Currently, it has more than 30,000 registered players, 3,500 registered scouts and over 1,500 scouting reports. He aims to identify talent from the grassroots and rural India.

Master Arjun Pandey is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.

## अर्जुन पाण्डेय

03 जून, 2003 को जन्मे मास्टर अर्जुन पाण्डेय भारत के अनेक तकनीक प्रेमी युवाओं को राह दिखा रहे हैं। आप स्काउटमी के संस्थापक हैं जो भारत का पहला मोबाइल आधारित स्काउटिंग पोर्टल है जिसे अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने अपने आधिकारिक स्काउटमी प्लेटफॉर्म के रूप में अपनाया है। स्काउटमी खिलाड़ियों को एआईएफएफ, राज्य फुटबॉल संघों, फुटबॉल क्लबों, एनजीओ से संपर्क स्थापित करने का माध्यम प्राप्त करता है। इस समय इसके 30,000 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ी, 3500 पंजीकृत स्काउट तथा 1500 से अधिक स्काउटिंग रिपोर्टें हैं। आपका उद्देश्य बुनियादी स्तर और ग्रामीण भारत से प्रतिभाओं की पहचान करना है।

मास्टर अर्जुन पाण्डेय को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।





## HARSHITA ARORA

Kumari Harshita Arora, born on 2nd October, 2001, created an app to safeguard investors from scammers. Her Crypto Price Tracker application is a portfolio management and price tracking app for crypto currencies that she designed and coded by herself. She has also created the 'Food AI' app that can recognize variety of foods from just a picture and the 'CellCount' app that helps biologists to count the number of cells in an image. She further assisted in building the world's first robot lawyer at DoNotPay.

Kumari Harshita Arora is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for her excellence in the field of Innovation.

## हर्षिता अरोरा

02 अक्टूबर, 2001 को जन्मी कुमारी हर्षिता अरोरा ने घपलेबाजों से निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक ऐप का निर्माण किया। आपका क्रृप्टो प्राइस ट्रैकर एप्लीकेशन क्रृप्टो मुद्राओं के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधन और मूल्य ट्रैकिंग ऐप है जिसकी आपने स्वयं डिजाइनिंग एवं कोडिंग की है। आपने 'फूड एआई' ऐप का भी निर्माण किया जो केवल एक तस्वीर से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को पहचान सकता है और आपने सेल काउंट ऐप का निर्माण किया जो एक छवि में कोशिकाओं की संख्या की गणना करने में जैव विज्ञानियों की मदद करता है। आपने DoNotPay में विश्व के पहले रोबोट वकील का निर्माण करने में भी मदद की।

कुमारी हर्षिता अरोरा को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## HRIDAYESHWAR SINGH BHATI

Master Hridayeshwar Singh, born on 3rd September, 2002, is a brilliant child who has achieved success against all odds. Despite suffering from a fatal disease which made him 85% disabled, he has brought India laurels in the field of Chess Variants Inventions. He is the youngest patent holder of India and the youngest differently-abled patent holder of the world. Through his groundbreaking circular chess board innovation, Master Hridayeshwar made sure that chess is open to all.


Master Hridayeshwar Singh is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.




## हृदयेश्वर सिंह भाटी

03 सितम्बर, 2002 को जन्मे हृदयेश्वर सिंह भाटी बहुत मेधावी एवं उदार हैं जिन्होंने मुश्किल हालात में सफलता हासिल की है। जानलेवा बीमारी, जिसकी वजह से आप 85 प्रतिशत अपंग हो गए हैं, से पीड़ित होने के बावजूद आपने शतरंज वेरिएंट की खोज के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित किया है। आप भारत के सबसे युवा और विश्व के सबसे युवा दिव्यांग पेटेंट धारक हैं। अपनी ज़बरदस्त गोलाकार शतरंज बोर्ड नवाचार के माध्यम से मास्टर हृदयेश्वर ने सुनिश्चित किया कि शतरंज सभी के लिए उपलब्ध है।

हृदयेश्वर सिंह भाटी को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।




## PARITOSH DAHIYA

Master Paritosh Dahiya, born on 14th September, 2001, envisioned a child sensitive web browsing experience through his project 'Childsafe Web browser based on age estimation from fingerprints using DWT (Discrete Wavelet Transform) and SVD (Singular Value Decomposition)'. The browser automatically blocks inappropriate websites after estimating age of users by just one fingerprint at runtime. The evaluation of model is carried on using database of 3200 fingerprints and grouped into 3 age-groups using a fingerprint scanner. This output was interfaced with the web browser.

Master Paritosh Dahiya is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.

## पारितोष दहिया

14 सितम्बर, 2001 को जन्मे पारितोष दहिया ने राष्ट्र के युवाओं के लिए बालोनुकूल वेब ब्राउजिंग का विकास किया है। आपकी परियोजना 'डीडब्ल्यूटी (डिसक्रिट वेवलेट ट्रांस्फॉर्म) और एसवीडी (सिंगुलर वैल्यु डिकम्पोजिशन) का प्रयोग करके फिंगरप्रिंट से आयु के अनुमान पर आधारित चाइल्ड सेफ वेव ब्राउजर' रन टाइम पर केवल एक फिंगरप्रिंट से प्रयोक्ताओं की आयु का अनुमान लगाने के बाद अनुपयुक्त वेबसाइटों को स्वत: ब्लॉक कर देती है। 3200 फिंगरप्रिंट के डाटा बेस का प्रयोग करके मॉडल का मूल्यांकन किया गया और फिंगरप्रिंट स्कैनर का प्रयोग करके 3 आयुवर्ग में वर्गीकृत किया गया। इस आउटपुट को वेब ब्राउजर से जोड़ा गया।

मास्टर पारितोष दहिया को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## PARTH BANSAL

Master Parth Bansal, born on 5th December, 2002, is a visionary child who thought beyond his age. He made a 'Utility Stick' for his grandmother, who has Parkinson's disease. The 'Laser Stick' produces a horizontal line which gives an optical illusion that helps patients to walk. Parth has received Dr A P J Abdul Kalam IGNITE Awards and the 'Suryadatta National Young Achiever Award' by the Governor of Assam. Parth was the youngest among 100 participants felicitated by Vice President of India at National Innovation Summit held at The National Institute of Rural Development and Panchayati Raj (NIRDPR), Hyderabad.

Master Parth Bansal is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.



## पार्थ बंसल

05 दिसम्बर, 2002 को जन्मे मास्टर पार्थ बंसल एक दूरदर्शी बच्चे हैं, जिन्होंने अपनी उम्र से परे सोचते हैं। आपने अपनी दादी के लिए एक 'उपयोगी स्टिक' का निर्माण किया जो पार्किंसन रोग से पीड़ित हैं। 'लेजर स्टिक' होरिजेंटल लाइन पैदा करती है जो ऑप्टिकल भ्रम पैदा करती है जिससे रोगियों को चलने में मदद मिलती है। पार्थ ने असम के राज्यपाल से डॉ. अब्दुल कलाम इग्नाइट और सूर्यदत्त नेशनल यंग अचीवर अवार्ड प्राप्त किया है। पार्थ भारत के राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद में आयोजित नेशनल इनोवेशन समिट में भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए गए 100 प्रतिभागियों में सबसे युवा थे।

मास्टर पार्थ बंसल को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।



## RAGHAV PURI

Master Raghav Puri, born 7th January, 2002, has made incredible technological interventions through his project 'Recovering History', which uses Artificial Intelligence to reconstruct broken parts of artifacts for facilitating better study of history and culture. His other project, 'ALM8' aims to help Alzheimer's patients using technology like fall detection and person recognition to ensure safety. He was felicitated at NASA Kennedy Space Center for his project 'MagGlyde' which uses magnetic levitation and machine learning to ensure safe landings of airplanes in harsh weather conditions.

Master Raghav Puri is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.

## राघव पुरी

7 जनवरी, 2002 को पैदा हुए मास्टर राघव पुरी ने अपनी परियोजना 'रिकवरिंग हिस्ट्री' के माध्यम से अविश्वसनीय तकनीकी हस्तक्षेप किया है, जो इतिहास और संस्कृति के बेहतर अध्ययन को सुगम बनाने के लिए कलाकृतियों के टूटे अंशों का पुनर्निर्माण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करती है। आपकी अन्य परियोजना 'एएलएम 8' का उद्देश्य अल्जिमर के पीड़ितों की सहायता करना है। यह अल्जिमर के रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फॉल डिटेक्शन और परसन रिकग्निशन जैसी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करती है। आपको नासा कैनेडी स्पेस सेंटर में उनकी परियोजना 'मैगग्लाइड' के लिए सम्मानित किया गया, जो कठोर मौसम की स्थिति में हवाई जहाज की सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए चुंबकीय उत्तोलन और मशीन लर्निंग का उपयोग करती है।

मास्टर राघव पुरी को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए बाल शक्ति पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा रहा है।

## RICHARD JOSEPH

Master Richard Joseph, born on 29th September, 2002, succeeded in providing an economically viable and ecologically sustainable solution to control pest and provide a helping hand to the farmers in India. His research project on 'Novel Suction-Bait Trap to Control infestation of Melon Fruit Flies (Bactrocera cucurbitae) in cucurbits' has decreased pest infestation which is a major threat to the horticulture industry. He received the second grand award in the Intel International Science and Engineering Fair (ISEF) 2019 given by CAST (China Association for Science and Technology), as the leader of his team. He received a Minor Planet Honour from the MIT Lincoln Laboratory, which means a minor planet in the solar system will be named after him.


Master Richard Joseph is being awarded the Bal Shakti Puraskar 2020 for his excellence in the field of Innovation.

## रिचार्ड जोसफ

